राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(7)RSMSSB/अर्थना/कृषि/कनि.अभि./2015/47 दिनांक : 01.02.2016

कार्यालय आदेश

कृषि विभाग के अधीन जल ग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण विभाग के लिये राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम–1978 के अन्तर्गत कनि. अभियन्ता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 की परीक्षा दिनांक 12.07.2015 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 22.07.2015 को जारी किया गया था। इस परीक्षा में आरक्षित सूची से अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थी सुश्री मीनू सिंह राजपूत की पात्रता की जांच मूल दस्तावेजो से कृषि विभाग के द्वारा दिनांक 13.01.2016 को करवाई गई थी। इस जांच में सुश्री मीनू सिंह राजपूत अनुपस्थित रही है। बोर्ड ने इन्हे पात्रता की जांच हेतु एक अंतिम अवसर और देने का निर्णय लिया है। अतः कनि. अभियन्ता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थी **सुश्री मीनू सिंह राजपूत को अन्तिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.02.2016 को प्रातः 10.00 बजे कमेटी रूम, प्रथम तल, पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर–302005** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजो के साथ उपस्थित होवें। यदि वह उक्त दिनांक को पात्रता की जांच के लिए उपस्थित नहीं होती हैं तो उनका अस्थाई चयन निरस्त कर दिया जायेगा।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातो का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें।

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं कनि.अभियन्ता पद के लिये दिनांक 24.03.2015 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, आचरण, जाति, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
6. अन्य सूचनाएं बोर्ड के पूर्व कार्यालय आदेश क्रमांक प.14(7)RSMSSB/अर्थना/कृषि/कनि.अभि./2014–15/ 210–11 दिनांक 30.07.2015 के अनुसार ही यथावत रहेगीं। यह आदेश बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(सांवर मल वर्मा)
सचिव